Title: Demand to supply medicines to Public Health Guides and need to enhance the remuneration.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

... (व्यवधान)

१९८७ में प्रख्यात समाजवादी नेता ... (व्यवधान) भारत सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय राजनारायण द्वारा पूरे देश के प्रत्येक गांव में जन-स्वास्थ्य रक्षकों की नियुक्ति की गई थी जो दवा देते थे। गांवों में उन जन-स्वास्थ्य रक्षकों को ५० रुपये से १०० रुपये प्रति माह तक मानदेय दिया जाता था। आज गांवों में उस कार्यक्रम को न चलाकर दवा भी मुहैया नहीं कराई जा रही है। जन-स्वास्थ्य रक्षकों ने अभी हाल में दिल्ली में प्रदर्शन भी किया था। मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी और सरकार से मांग करता हूं कि जन-स्वास्थ्य रक्षकों को दवा दी जाए और उनका मानदेय बढ़ाया जाए। साथ ही उनकी नियुक्ति भी परमानैंट की जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

... (व्यवधान)

श्री आनन्द रत्न मौर्य (चंदौली) : वाराणसी भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक राजधानी है।

... (व्यवधान)

श्री चेतन चौहान : उनको ५० रुपये महीना दिया जाता है। वे गांवों में जाते हैं।

... (व्यवधान)

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I cannot direct the Minister to reply.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I have called Shri Maurya now.

श्री आनन्द रत्न मौर्य : वाराणसी भारत की सांस्कृतिक राजधानी है, धार्मिक राजधानी है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is this? You could have reacted immediately after his mentioning it.

मेरे किसी और को बुलाने के बाद आप खड़े हो जाते हैं। यदि आपको रीएक्ट करना है तो बताइए।

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुरानाः आपने कहा तो मैं खड़ा हुआ हूं। मुझे कुछ नहीं कहना है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: After he mentioned it, if the Government wanted to react, the Government could have reacted. After I have called somebody else, if the Minister stands up, then there is a confusion. Now after having already got up to react, you just say whatever you want to say. If you do not want to say anything, I will call the next Member.

श्री शैलेन्द्र कुमार : सभापति जी, मंत्री जी से जवाब आने दीजिए।

... (व्यवधान)

मंत्री जी जवाब देना चाहते हैं।

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुरानाः सभी दलों के नेताओं से बात हुई है। मामला एक्टिव कंसीडरेशन में है, उसे कर रहे हैं। हम कोई डेट नहीं बता सकते लेकिन कर रहे हैं।
... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, Shri Maurya.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Nothing, except what Shri Maurya says, will go on record.